सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

19 फरवरी, 2021

8. श्री अजीत शर्मा, स0वि0स0 सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

1. श्री महबूब आलम, स0वि0स0
2. श्री अख्तरूल ईमान, स0वि0स0
3. श्री अनिल कुमार, स0वि0स0
4. श्री राम रतन सिंह, स0वि0स0
5. श्रीमती स्वर्णा सिंह, स0वि0स0

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

अध्यक्षीय घोषणा

अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण,

सप्तदश बिहार विधान सभा के बहुजन समाज पार्टी के एकमात्र सदस्य श्री मो0 जमा खान, निर्वाचन क्षेत्र संख्या -206, चैनपुर द्वारा जनता दल (यूनाईटेड) विधायक दल में विलय किये जाने के अनुरोध पर भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के अधीन बहुजन समाज पार्टी विधायक दल का जनता दल (यूनाईटेड) विधायक दल में विलय की मान्यता प्रदान कर दी गई है । अब श्री मो0 जमा खान, स0वि0स0 जनता दल यूनाईटेड के सदस्य हैं ।

औपचारिक कार्य

अध्यक्ष: प्रभारी मंत्री, वाणिज्य कर विभाग ।

श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री: अध्यक्ष महोदय, मैं भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के खंड (2) (क) के अनुसार बिहार विधान सभा के समक्ष राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार कराधान विवादों का समाधान (द्वितीय) अध्यादेश, 2020 की एक प्रति सभा मेज पर रखता हूँ ।

अध्यक्ष: प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग ।